हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 6 मई 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर


तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री


10 राज्यपाल रमेन डेका ने जल संरक्षण और पर्यावरण ...





10 38 करोड़ से बनने सड़कों का वनमंत्री ने किया...




## खबर संक्षेप

### ईश्वराम्मा दिवस पर नगर संकीर्तन व महाभंडारा आज



**जगदलपुर।** भगवान सत्य साई की माता के पुण्य तिथि 6 मई के उपलक्ष्य में सत्य साई सेवा समिति द्वारा ईश्वराम्मा दिवस के सातवें दिन सुबह 5.30 पर मंदिर में ओमकाराम, दीप प्रज्वलन सुप्रभातम, ज्योतिर ध्यान कर नगर संकीर्तन निकल जाएगा, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंदिर में संपूर्ण होगा। उसके बाद मंदिर में ध्वजारोहण किया जाएगा, सुबह 11.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक महानारायण सेवा भंडारा का आयोजन किया जाएगा। समिति के संयोजक मुकेश रायकवार ने बताया कि संध्या 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक वेदपाठ, भजन, सर्वधर्म प्रार्थना, दिव्या संदेश, सांस्कृतिक एवं पुरस्कार वितरण, महामंगल आरती एवं प्रसाद वितरण द्वारा कार्यक्रम संपूर्ण होगा। ईश्वराम्मा दिवस के पांचवें दिन साई समिति के द्वारा रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बाल विकास केंद्र के बच्चों द्वारा रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता अपनी प्रतिभा दिखाई।

### सुशासन तिहार दिखावा समस्याओं का निराकरण नाममात्र

**जगदलपुर।** कांग्रेस शहर महामंत्री व पार्षद जाहिद हुसैन ने सरकार के



सुशासन तिहार को महज दिखावा बताया है। जारी बयान में उन्होंने कहा कि जनता की मूलभूत समस्याओं का निराकरण नाम मात्र है । सरकार और नगर निगम प्रशासन बड़े-बड़े दावे कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही हैं। जबकि धरातल पर स्थिति विपरीत है। पिछले वर्ष इस अभियान के दौरान आम जनता की समस्याओं के समाधान के बजाय केवल कागजी कामकाज और औपचारिकताओं को प्राथमिकता दी गई। अब भीषण गर्मी में आम जनता को शिविर में चक्कर लगवाने का काम सरकार सुशासन तिहार के माध्यम से कर रही है । यदि वास्तव में सुशासन होता तो नागरिकों को अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए बार-बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के चक्कर नहीं लगाना पड़ता।

### भाजपा का आम जनता की फ्रिक नहीं, बढ़ रही महंगाई

**जगदलपुर।** पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने जारी बयान में कहा कि



भाजपा अपने उद्योगपति मित्रों को खुश करने में मशगूल है। उसे आम जनता की कोई फिक्र नहीं है, महंगाई लगातार बढ़ रही है। गैस सिलेंडरों के दामों में आए दिन ▶▶शेष पेज 10 पर

## आयोजन : सीएम ने बस्तर विश्वविद्यालय में युवाओं को किया प्रेरित


# बस्तर के विकास में मील का पत्थर साबित होगा इनोवेशन महाकुंभ : साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में आयोजित इनोवेशन महाकुंभ के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने कहा कि दुनिया में जो भी बदलाव हुए हैं वे इनोवेशन से शुरू हुआ है। यह इनोवेशन महाकुंभ 1.0 क्षेत्र में उद्यमिता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। यह आयोजन बस्तर के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि बस्तर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। यहां के लोग मेहनती हैं। उन्होंने आत्मसमर्पित लोगों के इस आयोजन में भाग लेने पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि बस्तर में विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मंशानुरूप बस्तर को देश का सबसे अच्छा जनजातीय क्षेत्र बनाएंगे। उन्होंने बताया कि अब नियद नेल्लानार 2.0 योजना प्रारंभ किया गया है। इसमें कुल दस जिलों को शामिल कर गांवों में हर सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

■ दुनिया में जो भी बदलाव हुए वे इनोवेशन से शुरू हुए

उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि बस्तर में शांति एक अवसर के रूप में आया है। अब यहां डर की जगह सपने हैं। कोई काम छोटा नहीं होता है। पहला कदम आपको चलना पड़ेगा। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि जीवन के उद्देश्य पूरा करने में यह आयोजन मदद करेगा। आप अगले सत्र में एक इंटरप्रयोनोर मॉडल के प्रस्तुत करने का प्रयास करें। सांसद महेश कश्यप ने कहा कि प्रदेश में उद्यमिता के विकास हेतु कई प्रयास किए जा रहे हैं। विकसित भारत में बस्तर का योगदान भी बड़े जगहों की तरह होगा। विधायक किरण सिंह देव ने कहा कि 2047 के विकसित भारत के लिए बस्तर में भी प्रयास किए जा रहे हैं। हम सभी को देश की प्रगति में अपने को जोड़ कर रखना चाहिए।





### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सीकॉस्ट के डायरेक्टर जनरल डॉ. प्रशांत कविश्वर, बेवरेज कार्पोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप, उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जनजातीय आयोग के अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी, पूर्व विधायक लच्छुराम कश्यप तथा सुभाउराम कश्यप, जिले के उच्च अधिकारी, स्वदेशी जागरण मंच के सदस्य सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### विद्यार्थियों को अपने आइडिया को बिजनेस में बदलने कर रहे मदद

स्वागत उद्बोधन में कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यह विवि शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को अपने आइडिया को बिजनेस में बदलने के लिए आवश्यक ज्ञान, मेंटरशिप एवं फंड आदि में सहायता प्रदान कर रहा है। शिक्षा केवल ज्ञान प्रदान करने तक नहीं रूकती है। शिक्षा, ज्ञान के द्वारा वास्तविक जीवन की समस्याओं को हल करने में सहायक होती है। इन समस्याओं को हल करने की क्षमता से ही नवाचार विकसित होता है। नवाचार फिर स्किल को जन्म देता है। स्किल जब मार्केट से कनेक्ट होती है तो आप व्यवसाय की ईकाई या बिजनेस वेंचर खड़ा कर लेते हैं।

### एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

आईआईटी भिलाई के प्रो. राजीव प्रकाश ने बस्तर के 25 स्टूडेंट्स को उद्यमिता का प्रशिक्षण देने बात कही। मनीष होता एवं अभिनव खंडेलवाल की उपस्थिति में चैप्टर ऑफ द इंडस इंटरप्रयोनर्स टीआईई के रायपुर यूनिट व आई क्रिएट एवं एसएमकेवि आईएसएफ के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

### बेस्ट स्टार्टअप कंपीटिशन में विनोद कुमार प्रथम

बेस्ट आइडिया के कंपीटिशन में विशाल हालदार, गुंजन पटेल और हर्षवर्धन बाजपेयी प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। बेस्ट स्टार्टअप कंपीटिशन में विनोद कुमार को प्रथम, सलोनी को द्वितीय और पीयूष को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

## बस्तर के युवाओं के लिए नवाचार की अपार संभावना, करें क्षेत्र का विकास : वित्तमंत्री चौधरी



**जगदलपुर।** वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में आयोजित इनोवेशन महाकुंभ 1.0 को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने बजट में बस्तर के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए हैं जिससे युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे।

वित्तमंत्री श्री चौधरी ने ने कहा कि देश की चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की दिशा में बढ़ते भारत में बस्तर के युवाओं के लिए अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बस्तर के युवाओं को वन उत्पाद, पर्यटन, कला-संस्कृति और कृषि से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में नवाचार के साथ कार्य कर क्षेत्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बस्तर के युवा आर्थिक रूप से सशक्त बनकर समाज निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं। बस्तर आज नई आशा और नई दिशा के साथ आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में पूना मारगेम से जुड़े साथियों की भागीदारी का स्वागत करते हुए बस्तर के विकास में सहभागी बनने की बात कही। अपने संबोधन में उन्होंने कई प्रेरणादायक उदाहरण साझा किए, जिनमें लोगों ने विपरीत परिस्थितियों से निकलकर नवाचार के माध्यम से आर्थिक प्रगति हासिल की। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि नौकरी छोड़कर कृषि व्यवसाय अपनाया और आत्मनिर्भरता हासिल की। उन्होंने युवाओं को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने की सलाह दी। मां सरस्वती के उपासक बनेंगे तो मां लक्ष्मी स्वयं साथ आएंगी। आज का युग ज्ञान ▶▶शेष पेज 10 पर

### बेहतर भविष्य के लिए अनुशासन और ईमानदारी जरूरी

वित्त मंत्री ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान केवल डिग्री ही नहीं बल्कि अनुशासन भी सिखाते हैं। अनुशासन के साथ ईमानदारी से प्रयास कर ही बेहतर भविष्य का निर्माण संभव है। उन्होंने युवाओं को उद्यमिता में जोखिम लेने की क्षमता विकसित करने पर जोर दिया। बस्तर की पूर्व परिस्थितियों और दंतेवाड़ा जिले में कलेक्टर के रूप में अपने कार्यकाल के अनुभवों का भी उल्लेख किया, जिससे उपस्थित युवाओं को प्रेरणा मिली।

## शिक्षक राजू पुजारी सुसाइड केस आज तेलंगा समाज का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बीजापुर जिले के पालनार में पदस्थ शिक्षक राजू पुजारी के आत्महत्या मामले में न्याय की मांग तेज हो गई है। आदिम तेलंगा समाज ने इस मामले में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर 6 मई को बीजापुर में रैली और प्रदर्शन करने की घोषणा की है। प्रस्तावित आंदोलन को सर्व आदिवासी समाज के अलावा महार, महारा, कलार समाज ने भी अपना समर्थन दिया है जिससे यह आंदोलन और व्यापक होता नजर आ रहा है। सभी समाज प्रमुखों ने बैठक कर आगामी आदोंलन की रूपरेखा तैयार की है।

■ सर्व आदिवासी, महार, महारा व कलार समाज का मिला समर्थन

■ आरोपियों की गिरफ्तारी में देरी से बढ़ा जनाक्रोश

तेलंगा समाज के जिला अध्यक्ष आदिनारायण पुजारी ने बताया कि 22 अप्रैल को चेरपाल निवासी एवं प्राथमिक शाला पालनार में पदस्थ शिक्षक राजू पुजारी ने आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला था जिसमें मृतक ने तीन लोगों को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया था। घटना के पखवाड़े भर बाद भी ▶▶शेष पेज 10 पर

## कांग्रेसियों ने सड़क पर सिलेंडर रख की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

घरेलू व कमर्शियल गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों में वृद्धि के विरोध में कुम्हारपारा चौक में कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया।

शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि लोकसभा की 543 सीटों में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के तहत लगभग 180 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होनी चाहिए। लोकसभा एवं विधानसभा की सभी आरक्षित सीटों पर महिलाओं को पूरा प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए। केंद्र सरकार महिला आरक्षण के मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाजी कर रही है। उन्होंने कहा बेरोजगारी, बढ़ती कीमतें और किसानों की समस्याएं जस की तस हैं। पेट्रोल-डीजल सहित रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं और रसोई गैस व कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि कर जनता की जेब काट रही है। सरकार बड़े-बड़े दावे कर रही है। मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर और छोटे व्यापारी सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। वहीं आम नागरिक महंगाई की मार झेलने को मजबूर हैं। सरकार जनता को राहत देने में पूरी विफल रही है। कांग्रेस पार्टी और उग्र आंदोलन करने बाध्य होगी।

■ महंगाई को लेकर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

■ नेताओं ने कहा- जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ा रही केंद्र सरकार



पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा कि बढ़ती मंहगाई भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का प्रमाण है। महिला सशक्तिकरण केवल भाषणों से नहीं बल्कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी से संभव होगा। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने केंद्र सरकार से मांग की है कि महिला आरक्षण बिल को बिना किसी देरी के तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। देश की आधी आबादी को राजनीतिक भागीदारी में बराबरी का अधिकार मिलना चाहिए।

**ये रहे मौजूद:** इस दौरान प्रभारी शकील रिजवी, पूर्व सभापति कविता साहू, पूर्व अध्यक्ष रामशंकर राव, उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, उपाध्याय अतिरिक्त शुक्ला, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, महामंत्री अभिषेक नायडू, विजय सिंह, जाहिद हुसैन, सुषमा सुता, नीतीश शर्मा, यूंका शहर अध्यक्ष निकेत राज झा, कोषाध्यक्ष रविशंकर तिवारी, सुनीता सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव, अमरनाथ सिंह, संतोष सेठिया, दंतेश्वर राव, ललिता राव, पार्षद अफरोज बेगम, सुखराम नाग, लोकेश चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।

## एनएच 30 का 6 किमी अत्यधिक जर्जर होने से लोगों को हो रही परेशानी



**जगदलपुर।** बस्तर जिले को सुकमा जिले से जोड़ने वाली सड़क लगभग 36 साल पहले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 घोषित किए गए थे, लेकिन प्रतिबंधित होने के चलते 6 किलोमीटर की सड़क की मरम्मत एवं चौड़ीकरण नहीं हो सकी। राष्ट्रीय राजमार्ग लगभग 170 किमी में से 6 किलोमीटर की सड़क कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के नक्शे में होने के चलते यह सड़क ढाई मीटर चौड़ा है, जिसका ▶▶शेष पेज 10 पर

### अब तक नहीं दिया भुगतान

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा 6 किमी सड़क की चौड़ीकरण करेगा। इसलिए उद्यान की ओर से नियमानुसार एनएच को दिया 15.56 करोड़ क्षतिपूर्ति के लिए डिमांडनोट दिया गया है। डिमांडनोट का अब तक भुगतान नहीं किया गया, भुगतान होने पर ही चौड़ीकरण कार्य के लिए स्वीकृति दी जाएगी।

## दृष्टिहीन युवती ने सुनाई आपबीती, सहयोगी से ले ली किराये की राशि

# दिव्यांगों, नक्सल प्रभावितों के साथ नाइंसाफी, बस ऑपरेटर कर रहे मनमानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

एक ओर जहां छग शासन के परिवहन विभाग दृष्टिहीन सहित अन्य लोगों को किराये में छूट देने की घोषणा कर राहत देने का प्रयास कर रही है तो दूसरी ओर बस्तर में बस ऑपरेटरों की मनमानी के आगे सारे नियम कायदे कागजों तक सीमित हो जा रहे हैं। ऐसा ही मामला उस वक्त सामने आया जब दृष्टिहीन युवती के साथ यात्रा कर रहे सहयात्री से जबरन किराया वसूल लिया गया।

छग सरकार आम नागरिकों को राहत देने के उद्देश्य से कई योजनाओं को धरातल पर लाने निर्देश जारी करती है तो दूसरी ओर कई विभाग इन आदेशों को अमल में लाने के बजाय रद्दी की टोकरी में डाल देते हैं। छत्तीसगढ़ राजपत्र में 11 मार्च 2025 को परिवहन विभाग ने यात्रियों को राहत देने के उद्देश्य से कई तरह की छूट दी थी, लेकिन बस ऑपरेटरों की मनमानी की वजह से इसका लाभ धरातल पर नहीं मिल पाया है।



### यहां करें शिकायत

यदि बस ऑपरेटर या कंडक्टर शासन के नियमों का पालन नहीं कर रहा है, तो इन माध्यमों से शिकायत दर्ज करा सकते हैं। समाज कल्याण विभाग ने दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए हेल्पलाइन नंबर 1800-233-8989 पर कॉल करने की सुविधा दी है यह सेवा 24/7 उपलब्ध है। परिवहन विभाग किराया संबंधी समस्याओं के लिए 0771-2511085 पर संपर्क करने हेल्पलाइन नंबर दिया है। शिकायत ▶▶शेष पेज 10 पर

### नक्सल पीड़ितों को भी नहीं मिल रहा लाभ

राज्य में सबसे ज्यादा नक्सल पीड़ति बस्तर संभाग में हैं। बावजूद राज्य शासन द्वारा जारी छूट का फायदा नहीं मिल रहा है। बताया जाता है कि बसों में सफर करने वाले ▶▶शेष पेज 10 पर

### शासन का ये था आदेश

छत्तीसगढ़ राजपत्र 11 मार्च 2025 अनुसूची 428 (1) राज्यपाल के नाम से तथा उप-सचिव अंशिका ऋषि पाण्डेय के जारी आदेश के तहत दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों को बस यात्रा में संपूर्ण छूट प्रदान की गई है। यह सुविधा साधारण, लग्जरी और सुपर लग्जरी बसों पर लागू होगी, यात्रियों को मनमाने किराए से बचाने के लिए सभी बसों में किराया सूची लगाने का निर्देश भी दिया गया है। इस योजना में दृष्टिहीन, दिव्यांग, दोनों ▶▶शेष पेज 10 पर

### जब रूंधे गले से सुनाई आपबीती



सुकमा निवासी रोशनी गुप्ता ने बताया कि वो 100 फीसदी दृष्टिहीन है। सुकमा से मुंबई जाते वक्त सुकमा से रायपुर तक एक यात्री बस में पिता के साथ सवार हुई। दृष्टिबाधित होने का सर्टिफिकेट दिखाने के बाद भी पिता का जबरन किराया ले लिया गया। उसने रूंधे गले से आपबीती बताते हुए कहा कि सरकार के नियमों को महाराष्ट्र में 100 फीसदी माना जाता है लेकिन यहां आज भी दिव्यांगो को बुरी नजर से देखा जाता है।

### परमिट निरस्त करने की होगी कार्रवाई



अपर परिवहन आयुक्त डी.रविशंकर ने हरिभूमि से चर्चा करते कहा कि शासन के आदेशों की अवेहलना पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बस ऑपरेटरों को चाहिए कि जो छूट का नियम है उसे लागू करें अन्यथा शिकायत मिलने पर परमिट निरस्त करने की कार्रवाई की जा सकती है।




# राज्यपाल रमेन डेका ने जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राज्यपाल रमेन डेका ने मंगलवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण आजीविका संवर्धन पर विशेष जोर दिया।

राज्यपाल ने अधिक से अधिक पौधरोपण करने तथा जल संचयन कार्योंं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्षा पूर्व और वर्षा पश्चात जल स्तर का आंकलन करने को कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना शामिल करने के निर्देश दिए, ताकि जल संरक्षण को बढ़ावा मिले। राज्यपाल ने कहा कि माओवाद के खात्मे के बाद क्षेत्र में नई परिस्थितियां बनी हैं। अब सभी अधिकारी शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए बेहतर कार्य करें। उन्होंने महिलाओं के कौशल विकास, स्व–सहायता समूहों के उत्पादों के मूल्य संवर्धन और मार्केटिंग चौन विकसित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने जैविक खेती को बढ़ावा देने और उत्पादों की सप्लाई चौन तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को एनसीसी से जोड़ने और योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने 8 मई को विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर महिलाओं की जांच, विशेषकर स्तन कैंसर स्क्रीनिंग कराने के निर्देश दिए। बैठक में टीबी उन्मूलन, नशा प्रवृत्ति पर रोकथाम, पेंशन प्रकरणों के समय पर निराकरण और रेडक्रॉस सदस्यता बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिले में योजनाओं के क्रियान्वयन और नवाचारों की जानकारी पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से दी। बैठक में पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## राज्यपाल ने कोंडागांव में ली समीक्षा बैठक

### जिला कार्यालय परिसर में राज्यपाल ने लगाया पौधा



राज्यपाल रमेन डेका ने अपने कोंडागांव जिला के प्रवास के दौरान मंगलवार को जिला कार्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत आम के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव उपस्थित रहे।




### टीबी मरीजों को फूड बास्केट किया वितरित

राज्यपाल रमेन डेका ने मंगलवार को जिला कार्यालय कोंडागांव में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 5 मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत चिखलपुट्टी, किवईबालेंगा और मालाकोट को टीबी मुक्त घोषित किए जाने पर संबंधित सरपंचों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। रेडक्रॉस सोसायटी के 4 नए सदस्यों को सदस्यता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर कल

**कोण्डागांव।** राज्य शासन की मंशानुरूप सुशासन तिहार अंतर्गत ग्रामीणजनों की मांगों और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए विभिन्न गांवों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। केशकाल विकासखंड अंतर्गत 7 मई को बहीगांव में उपस्वास्थ्य केंद्र के पास जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेंगे। शिविर में ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने ग्रामवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाएं।

### ग्राम पंचायतों में चावल महोत्सव, आवास दिवस मनाया जाएगा 7 को

**कोण्डागांव।** प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में 7 मई को चावल महोत्सव के साथ "रोजगार दिवस" एवं आवास दिवस आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन सुशासन तिहार के अंतर्गत होगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रें में जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी लंबित समस्याओं का त्वरित और शत–प्रतिशत समाधान करना है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत, विकासखंड और जिला स्तर पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे, जहां आवास एवं रोजगार योजनाओं की समीक्षा कर हितग्राहियों को लाभ दिया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना सहित स्वीकृत आवासों का निर्माण अधिकतम 90 दिनों में पूरा कराने के लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी। हितग्राहियों को स्वीकृत राशि की जानकारी भी दी जाएगी। स्व–सहायता समूह की महिलाओं को निर्माण सामग्री आपूर्ति और अन्य आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। मनरेगा के तहत चल रहे कार्यो को मई माह के भीतर पूर्ण करने तथा मांग अनुसार नए कार्य शुरू करने पर चर्चा की जाएगी। मोर गांव – मोर पानी – मोर तरिया अभियान के तहत नवा तरिया आय के जरिया" योजना में नए तालाब निर्माण की कार्ययोजना तैयार होगी। मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य कार्योंं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए क्यूआर कोड लगाए जाएंगे। अमृत सरोवर सहित प्रमुख स्थलों पर भी यह सुविधा उपलब्ध होगी। जल संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

## विकास : प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज–4 के तहत बनाईं जाएंगी

# 38 करोड़ से बनने सड़कों का वनमंत्री ने किया भूमिपूजन, कहा- विकास को मिलेगी रफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोण्डागांव जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज–4 के तहत 38 करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से बनने वाली विभिन्न ग्रामीण सड़कों का भूमिपूजन वन मंत्री केदार कश्यप ने किया। इन सड़कों के निर्माण से कई ग्रामीण क्षेत्रों का मुख्य मार्गों से जुड़ाव होगा, जिससे आवागमन आसान होगा और विकास कार्यों को गति मिलेगी। योजना के तहत खड़पड़ी, मटवाल, कुधूर, खोड़सानार, लखापुरी, नहकानार, छोटेउसरी, रेंगागोदी और टेमरुगांव सहित कई गांवों में नई सड़कों का निर्माण किया जाएगा। नई सड़कों से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बाजार तक पहुंच आसान होगी, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को मजबूती मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

■ महिलाओं को योजनाओं से मिल रहा लाभ

### बस्तर अब विकास की राह पर

*वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर अब माओवाद से मुक्त होकर विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। मंत्री ने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को हर माह आर्थिक सहायता दी जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए जरूरतमंदों को पक्के मकान भी दिए जा रहे हैं। ग्राम मटवाल में मंत्री ने लखपति दीदी श्रीमती वैदयी से मुलाकात कर उनके स्वरोजगार कार्योंं की सराहना की और महिलाओं को पशुपालन व अन्य रोजगार अपनाने प्रेरित किया।*

# पेयजल संकट से 250 परिवार परेशान, शिकायत के बाद भी समाधान नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हाउसिंग बोर्ड की ओर से करोड़ों रुपए की लागत से पंडरीपानी में कालोनी का निर्माण किया गया, लेकिन मुलभूत सुविधा से कालोनीवासी परेशान है। इस ओर बोर्ड के अधिकारियों का ध्यान नहीं है। हाउसिंग बोर्ड पंडरीपानी क्षेत्र में इन दिनों पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। यहां लगभग 250 मकानों में कर्मचारी परिवार निवासरत हैं, जो रोजाना पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। स्थानीय रहवासियों के अनुसार पानी की समस्या आए दिन बनी रहती है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग और कर्मचारियों को कई बार शिकायत की गई, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। आरोप है कि शिकायत करने पर या तो फोन कॉल रिसीव नहीं किया जाता, या फिर तकनीकी खराबी का हवाला देकर मामले को टाल दिया जाता है। बावजूद इसके, समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है।

■ हाउसिंग बोर्ड की ओर से करोड़ों की लागत से पंडरीपानी में पेयजल संकट

### पंडरीपानी कालोनी में होगा गारंटी बोर

हाउसिंग बोर्ड जगदलपुर प्रक्षेत्र के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने बताया कि कार्यपालन अभियंता को निर्देश दिया गया है कि पंडरीपानी कालोनी में गारंटी बोर किया जाए, जिससे कालोनीवासियों को पेयजल संकट से छुटकारा मिल सके।

# मजदूरों को मिलेगा ठिकाना, कोंडागांव में 20 लाख की लागत से बनेगा संघ भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिले के श्रमिकों के लिए बड़ी सौगात के रूप में जिला मुख्यालय के भगत सिंह वार्ड में 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाले मजदूर संघ भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास विधायक लता उसेंडी द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मजदूर, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

■ विधायक लता ने किया भूमिपूजन

■ मजदूर समाज की रीढ़ : उसेंडी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक लता उसेंडी ने कहा कि मजदूर समाज की रीढ़ होते हैं और उनके हितों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह भवन मजदूरों के लिए बैठक स्थल के साथ–साथ उनके संगठन को मजबूत करने का केंद्र बनेगा। विधायक ने बताया कि इस भवन के निर्माण से श्रमिकों को अपनी समस्याओं, अधिकारों और योजनाओं पर चर्चा करने के लिए एक स्थायी मंच मिलेगा। इससे उनके संगठनात्मक कार्योंं को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। इस पहल पर उपस्थित मजदूरों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से ऐसे भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जो अब पूरी होने जा रही है।

**नगर पालिका अध्यक्ष ने की अतिरिक्त घोषणाः** कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने मजदूर संघ भवन परिसर में बोर खनन कराने की घोषणा भी की, जिससे भवन में पानी की सुविधा सुनिश्चित की जा सके। भूमि पूजन के अवसर पर मजदूर संघ द्वारा विधायक लता उसेंडी के जन्मदिन के मौके पर केक काटकर शुभकामनाएं भी दी गईं, जिससे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना रहा।

**इनकी रही उपस्थिति :** इस अवसर पर मनोज जैन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, दयाराम पटेल, अश्वनी पांडे, ननकी वैष्णव, पार्षद सोनामणि पोयाम, बंटी नाग, नागेश देवांगन, ललित देवांगन, रसिकलाल संभागीय अध्यक्ष, राज मिस्त्री मजदूर संघ, बाल––ष्ण सेठिया जिलाध्यक्ष, मजदूर संघ कोंडागांव सहित बड़ी संख्या में मजदूर और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। यह भवन आने वाले समय में कोंडागांव के मजदूरों के लिए एक सशक्त केंद्र के रूप में विकसित होगा, जहां से उनके हितों से जुड़े कार्यों को गति मिलेगी।

# न्यायालय में 21 से 23 अगस्त तक लगेगी विशेष लोक अदालत

**कोण्डागांव।** उच्चतम न्यायालय में 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को स्पेशल लोक अदालत समाधान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य लंबित प्रकरणों का त्वरित, सुलभ एवं आपसी सहमति से निराकरण करना है। विशेष लोक अदालत में बैंक संबंधित मामले, चेक बाउंस, उपभोक्ता विवाद, रेरा प्रकरण, सिविल एवं दाण्डिक सुलह योग्य मामले, पारिवारिक विवाद, दुर्घटना दावा, श्रम एवं औद्योगिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, सेवा संबंधी मामले तथा स्थानांतरण याचिकाओं का निराकरण किया जाएगा। जिन पक्षकारों के मामले उच्चतम न्यायालय में लंबित हैं, वे आपसी समझौते के आधार पर स्पेशल लोक अदालत में अपने प्रकरणों का निपटारा करा सकते हैं।

**गूगल फॉर्म से कर सकेंगे आवेदन :** विशेष लोक अदालत में मामला रखने के लिए इच्छुक पक्षकार गूगल फॉर्म भरकर आवेदन जमा कर सकते हैं। पक्षकारों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वर्चुअल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई की व्यवस्था भी की गई है। इससे देश के अलग–अलग स्थानों पर मौजूद पक्षकार बिना व्यक्तिगत उपस्थिति के ऑनलाइन जुड़ सकेंगे। यह व्यवस्था समय, धन और संसाधनों की बचत के साथ प्रक्रिया को अधिक सरल और सुलभ बनाएगी।

# भाजपा के प्रशिक्षण महाअभियान में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



भारतीय जनता पार्टी के "पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के तहत आयोजित जिला कार्ययोजना बैठक में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक सुश्री लता उसेंडी केंद्र में रहीं। जिला मुख्यालय स्थित आक्शन हॉल में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने का स्पष्ट संदेश दिया। बैठक को संबोधित करते हुए लता उसेंडी ने कहा कि भाजपा का मूल आधार उसका सशक्त और प्रशिक्षित कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण महा अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं को वैचारिक, सामाजिक और संगठनात्मक रूप से मजबूत किया जाएगा, जिससे वे समाज के बीच प्रभावी भूमिका निभा सकें। लता उसेंडी ने विशेष रूप से युवाओं को पार्टी से जोड़ने पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा का भविष्य युवा शक्ति पर आधारित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें और अधिक से अधिक नए लोगों को पार्टी से जोड़ें। बैठक में बताया गया कि जिले में शीघ्र ही प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें 11 सत्रों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। यह अभियान संगठन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा। जिला प्रभारी श्रीनिवास राव मद्दी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित रहते हैं। उन्होंने प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं की कार्यक्षमता और जनसंपर्क कौशल बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक के अंत में कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना भी तैयार की गई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोज जैन, जिलाध्यक्ष सेवकराम नेताम, जिला पंचायत अध्यक्ष रीता सोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, नपा उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी, जितेंद्र सुराना, नागेश देवांगन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। लता उसेंडी के नेतृत्व में यह प्रशिक्षण महा अभियान कोंडागांव में भाजपा संगठन को नई मजबूती और दिशा देने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

■ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता की मौजूदगी में जिला कार्ययोजना बैठक

■ युवाओं को जोड़ने और विस्तार पर विशेष फोकस

# अवैध उत्खनन, परिवहन करते 12 वाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

खनिज विभाग का जांच दल जिले के भैरमबंद, मांझीपदर, बालूद, बालपेट, गीदम, भांसी एवं दंतेवाड़ा क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर गौण खनिज साधारण पत्थर, रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते पाये गये वाहन चालकों, मालिकों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किए। मौके पर पंचनामा कर वाहनों को जब्त किया एवं कलेक्टर परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया। इस दौरान अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते 12 वाहन, मशीन मालिकों के विरुद्ध खान एवं खनिज विकास तथा विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21(4) में जब्त कर 21(5) के तहत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। पूर्व में जिले के खनिज ठेकेदारों, परिवहनकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि बिना वैध पास के खनिजों का परिवहन करना अपराध है।

## पेज 9 के शेष

### बस्तर के युवाओं...

आधारित है, इसलिए युवाओं को अपनी क्षमता और कौशल का निरंतर विकास करना चाहिए। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे ।

### शिक्षक राजू पुजारी...

अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से परिजनों और समाज के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। समाज प्रमुखों ने बताया कि स्वर्गीय राजू पुजारी तेलंगा समाज में जिला सचिव के पद पर भी कार्यरत थे और सामाजिक न्याय के लिए सक्रिय भूमिका निभाते थे। उनके निधन से समाज में शोक के साथ-साथ आक्रोश भी है। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि 6 मई को आयोजित प्रदर्शन के दौरान रैली निकालकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा जिसमें दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग की जाएगी इसके बाद भी दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा तो उग्र प्रदश्रन किया जाएगा।

### एनएच 30 का 6...

चौड़ीकरण नहीं हो पा रहा है। जबकि यह सड़क आंध्रप्रदेश, तेलंगाना राज्यों को जोड़ती हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग होने के बावजूद राज्य मार्ग के रूप में उपयोग की जा रही है। बस्तर से सुकमा जिले छिंदगढ़ तक नेशनल हाइवे की हालत बद से बदतर हो चुकी है। दरभा के बाद झीरम घाटी से लेकर तोंगपाल, छिंदगढ़, पाकेला तक सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। छिंदगढ़ ब्लॉक तक बीच मे पड़ने वाली कामानार, तोंगपाल, छिंदगढ़, पाकेला, में भी पूरे रास्ते भर में बड़े-बड़े गड्ढे के बीच एनएच खो चुका है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग लोगों को सुविधा के लिए सड़क में बने गडढों को पाटने में जुटा है।

**रिनीवल का कार्य टेंडर में:** लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग उप संभाग सुकमा के एसडीओ दिलीप बारला ने इस संबंध में बताया कि 36 करोड़ रुपए की लागत से जर्जर सड़क के रिनीवल का कार्य टेंडर प्रक्रीया में है, इसमें 6 किमी सड़क भी शामिल है।

### नक्सल पीड़ितों को...

ऐसे किसी व्यक्ति, जो छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी हो, को संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर कलेक्टर द्वारा सम्यक रूप से जारी किया गया। माओवाद प्रभावित व्यक्ति का प्रमाण-पत्र रखने पर राज्य के भीतर यात्री बस में यात्रा के दौरान 50 प्रतिशत किराये के भुगतान से छूट दिये जाने का प्रवाधान है। बस ऑपरेटरों की मनमानी के वजह से कई माओवाद पीड़ति इस छूट में रूचि नही ले रहे है।

### यहां करें...

करते समय बस का नंबर, रूट, दिनांक और संभव हो तो कंडक्टर का नाम या वीडियो, फोटो प्रमाण के रूप में अपने पास रखें। राज्य सरकार ने हाल ही में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा योजना के तहत इन सुविधाओं को कड़ाई से लागू करने के निर्देश दिए हैं ताकि सुदूर क्षेत्रों में भी दिव्यांगों को इसका लाभ मिल सके। शासन के जारी आदेश के किसी भी शर्त के उल्लघंन की दशा में, अनुज्ञप्तिधारी के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम, 1988 (1988 का सं. 59 ) की धारा 86 एवं परिचालक के विरूद्ध धारा-34 के अधीन कार्यवाही की जा सकती है।

### शासन का ये ...

पैरों से चलने में असमर्थ दिव्यांग, 80 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक, एड्स से पीड़ति व्यक्तियों को एक परिचारक के साथ किराया में पूरी छूट रहेगी।

### भाजपा का आम...

हो रही बेतहाशा बढ़ोतरी के संकेत समझने में सरकार नाकाम रही है। इस साल अब तक चार महीनों में ही कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 81.58 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ती है कि केंद्र सरकार को आम जनता की कोई फिक्र नहीं है। जनवरी 2026 को 1691.50 रूपए, फरवरी को 1740.50 रुपए, मार्च को 1768.50 रूपए, अप्रैल को 2078.50 रुपए तथा एक मई को 3071.50 रूपए में कमर्शियल गैस सिलेंडर लोगों को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा मोदी सरकार उद्योगपति मित्रों का लगभग 16 लाख करोड़ रूपए का कर्ज माफ कर चुकी है । वहीं दूसरी तरफ आम लोगों पर गैस सिलेंडर के दामों में बेतहाशा वृद्धि कर बोझ डाला जा रहा है। अमेरिका -ईरान युद्ध की आड़ में छुप कर ऐसा किया जा रहा है। जबकि भारत में इसका असर लंबे समय से पड़ने की बात कही जा रही है। उन्होंने कहा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सुझाव पर ध्यान न देने का नतीजा सामने है। अगर मोदी सरकार व पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी राहुल गांधी के इन सुझावों पर ध्यान देते तो जनता को यह दिन न देखना पड़ता।

## खबर संक्षेप

### बीएससी नर्सिंग में केरोलिन को छग में 6वां स्थान



**जगदलपुर।** पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय, नवा रायपुर द्वारा बीएससी नर्सिंग सत्र 2025 के परीक्षा परिणाम में टॉप-10 गोल्ड मेडलिस्ट की सूची जारी की गई है। इस सूची में बस्तर संभाग से एकमात्र स्थान बनाने वाली छात्रा कुमारी केरोलिन साजी ने पूरे अंचल का गौरव बढ़ाया है। वें क्राइस्ट कॉलेज ऑफ नर्सिंग आड़ावाल जगदलपुर की छात्रा हैं। उन्होंने बीएससी नर्सिंग फाईनल परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संपूर्ण छत्तीसगढ़ में छठवां स्थान तथा बस्तर संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी टॉप-10 मेरिट सूची में बस्तर से वे एकमात्र छात्रा हैं। इस उपलब्धि पर कॉलेज प्रबंधन ने हर्ष व्यक्त किया। प्राचार्य श्रेयसी आर. सिंग ने बताया केरोलिन की यह सफलता अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा है। बस्तर जैसे आदिवासी अंचल से निकलकर राज्य स्तर पर स्थान बनाना हमारे कॉलेज की शिक्षण पद्धति का प्रमाण है।

### नेशनल लोक अदालत के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर।** 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए खण्डपीठ का गठन किया गया है। जिस हेतु पीठासीन अधिकारी जागेश्वर कौशल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बीजापुर, विकास सर्वे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भैरमगढ़, यशवंत नाग अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भोपालपटनम, भूपेन्द्र कुमार गावरे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उसूर, पंचराम सलामे तहसीलदार बीजापुर, भोज कुमार डहरिया तहसीलदार गंगालूर, लक्ष्मण कुमार राठिया तहसीलदार भोपालपटनम एवं उसूर, प्रियंका बंजारा तहसीलदार भैरमगढ़ एवं सूर्यकांत धरत तहसीलदार कुटरू को नियुक्त किया गया है।

### ग्राम पंचायत ईटपाल से शुरू होगा सुशासन तिहार

**बीजापुर।** छग में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण के लिए सुशासन तिहार की शुरुआत 1 मई से 10 जून तक प्रदेशभर में चलाया जाएगा, जिसके तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। वहीं बीजापुर जिले में सुशासन तिहार के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार नगरीय निकाय क्षेत्र में 8 मई को बीजापुर के दुर्गा पंडाल वार्ड क्रमांक 11 में शिविर आयोजित होगा 20 मई को सांस्कृतिक भवन बीजापुर में भी शिविर लगाया जाएगा।

# रोजगार मेले में 300 प्रशिक्षुओं को मिला अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



लाइवलीहुड कॉलेज कारली में विगत दिवस नेशनल काउंसिल फॉर हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट डेवलपमेंट कारली इकाई ने खरीदार विक्रेता मिलन सह रोजगार मेला का आयोजन किया। कार्यक्रम में लगभग 300 प्रशिक्षु एवं प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया, जिन्होंने फैशन डिजाइन तथा हैंडलूम एवं पावरलूम ट्रेड में 800 घंटे का प्रशिक्षण प्राप्त किया है अथवा प्रशिक्षणरत हैं। इस अवसर पर 10 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लेकर प्रशिक्षुओं का साक्षात्कार लिया एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। साथ ही कंपनियों द्वारा अपने संस्थान एवं कार्य प्रोफाइल की जानकारी भी साझा की गई। मुख्य अतिथि रोजगार अधिकारी अमित वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि प्राचार्य लाइवलीहुड कॉलेज हरिस सिन्हा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कौशल विकास, रोजगार एवं आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं द्वारा तैयार किए गए रेडीमेड परिधान तथा हैंडलूम पावरलूम के थान कपड़ों का प्रदर्शन भी किया गया, जिससे नए उत्पादन इकाइयों हेतु कार्य आदेश प्राप्त होने की संभावनाएं बनीं। इसके साथ ही भारतीय स्टेट बैंक फाउंडेशन एवं परिवर्तन समाज विकास समिति के सहयोग से एक निःशुल्क सामान्य चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें सर्दी, खांसी, बुखार, शरीर दर्द, शुगर, रक्तचाप एवं मलेरिया आदि की जांच कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। यह आयोजन दंतेवाड़ा एवं बस्तर क्षेत्र के प्रशिक्षुओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं उद्यमिता से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

# कुशल नेतृत्व और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों की जीतः अरुण भदौरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

## सुकमा के कार्यकर्ताओं में नए जोश का संचार

- सुकमा में भाजपा ने मनाया झालमुड़ी के साथ जश्न

पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी की विजय देश की जनता के विश्वास, प्रधानमंत्री के नेतृत्व और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों की जीत है। उक्त बातें सांसद प्रतिनिधि व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरुण सिंह भदौरिया ने कही। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय के उपलक्ष्य में सुकमा नगर में हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने एकत्रित होकर आतिशबाजी की, मिठाइयाँ बांटीं और एक-दूसरे को बधाई देते हुए इस ऐतिहासिक जीत का उत्सव मनाया। पूरे नगर में उत्साह और जोश का वातावरण बना रहा। इस दौरान पूर्व जिला कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी, जिला भाजपा उपाध्यक्ष दिलीप पेद्दी, पार्षद विवेक यादव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष धनीराम यादव, एससी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार श्रीवाने, भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार कश्यप, जिला भाजपा प्रवक्ता रमेश यादव, मंडल महामंत्री जोगा राम बारसे, मंडल महामंत्री मुकेश जैन, रामगोपान राठौड़, खेमलाल सिन्हा, बहादुर सिंह ठाकुर, मनोज पोड़यिामी, युवा कार्यकर्ता फरहान हासमी, राजेन्द्र कुलदीप, प्रशांत विश्वास सहित सैकड़ो नागरिक मौजुद थे।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरुण सिंह भदौरिया तथा नगर पालिका वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद श्रीमती कांता राठी के सौजन्य से विशेष रूप से झालमुड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे।



### झालमुड़ी विक्रेता का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नेता अरुण सिंह भदौरिया ने झालमुड़ी विक्रेता रविन्द्र का फूल-माला पहनाकर सम्मान किया, जो इस आयोजन का एक विशेष आकर्षण रहा। इसके पश्चात उन्होंने स्वयं उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों को झालमुड़ी वितरित कर सभी के साथ जीत की खुशी साझा की।

### बंगाल की जीत पर लगे नारे

कार्यक्रम के अंत में जनसमूह ने भारत माता के जयकारे लगाए और एकजुट होकर देश की प्रगति एवं विकास के संकल्प को दोहराया। इस आयोजन ने न केवल जीत की खुशी को साझा किया, बल्कि कार्यकर्ताओं के मनोबल को भी नई ऊर्जा प्रदान की।

### वरिष्ठ जनों के कुशल नेतृत्व का परिणाम

अपने संबोधन में अरुण सिंह भदौरिया ने कहा कि पश्चिम बंगाल की यह ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, गृह मंत्री अमित शाह एवं छत्तीसगढ़ के सगठन महामंत्री पवन साय के कुशल नेतृत्व सहित भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक समर्पित कार्यकर्ता की मेहनत, त्याग और संघर्ष का परिणाम है। बूथ स्तर से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक, हर कार्यकर्ता ने जिस निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य किया है, उसी का यह प्रतिफल है। भाजपा हमेशा कार्यकर्ताओं के बल पर आगे बढ़ी है और यह जीत उसी परंपरा को और मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि यह विजय देश की जनता के विश्वास, प्रधानमंत्री के नेतृत्व और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों की जीत है। आने वाले समय में भी भाजपा इसी प्रकार जनसेवा और विकास के पथ पर अग्रसर रहकर देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।"

# गीदम में 3 दिवसीय मेला मड़ई का हुआ समापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

नगर के 3 दिवसीय मेले का सोमवार को समापन हुआ। समापन अवसर पर माई की डोली व ग्रामीण क्षेत्रों से आए देवी देवताओं की विधि विधान से पूजा अर्चना कर उन्हें सम्मान पूर्वक विदा किया गया। इस दौरान नगर के हारम चौक तक नगर के लोगों ने माई जी की डोली विदा किया। उसके पश्चात माई जी की डोली हारम चौक से मां दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा के लिए प्रस्थान करेगी। इस दौरान मेला मड़ई में आये पुजारी, सिरहा, गुनिया, गायता, पेरमा का उचित सम्मान भी किया गया।

# नगर की बेटी ने एमबीबीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया मान



**बस्तर/घाटलोहंगा।** नगर पंचायत बस्तर की होनहार बेटी प्रिया कश्यप ने सिम्स मेडिकल कॉलेज, बिलासपुर से एमबीबीएस की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर नगर का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है। प्रिया कश्यप के पिता मानसिंह कश्यप शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल लामकेर में प्राचार्य के पद पर पदस्थ हैं, वहीं उनकी माता सरोज एक शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। शिक्षित एवं संस्कारित परिवार से मिली प्रेरणा और मार्गदर्शन के बल पर प्रिया ने यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। नगरवासियों ने प्रिया की इस उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे बस्तर नगर के लिए गर्व का विषय है।

# भोपालपटनम में ढाबों व दुकानों पर कार्रवाई

**बीजापुर।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार 'सही दवा-शुद्ध आहार-यही छत्तीसगढ़ का आधार' थीम पर चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के तहत भोपालपटनम में व्यापक निरीक्षण और कार्रवाई की गई। खाद्य एवं औषधि प्रशासन, राजस्व विभाग और नगर पंचायत की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में संचालित ढाबा, होटल, डेलीनीड्स, जूस सेंटर, फल दुकान, मिठाई दुकान और फास्ट फूड सेंटर सहित कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा मानकों में अनियमितता पाए जाने पर सत्यनारायण भोजनालय, मोना ढाबा, श्रीराजन ढाबा और लक्ष्मी फास्ट फूड पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही खाद्य कारोबारियों को स्वच्छता बनाए रखने, हाइजीन मेंटेन करने और खाद्य सुरक्षा से जुड़े आवश्यक नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। जिन दुकानदारों के पास खाद्य अनुज्ञप्ति पंजीयन नहीं था। उन्हें शीघ्र लाइसेंस बनवाने के लिए निर्देशित किया गया। अधिकारियों ने सभी व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा मानकों की विस्तृत जानकारी भी दी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सुरक्षित, शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है। साथ ही लोगों और दुकानदारों को स्वच्छता, पौष्टिक आहार और सुरक्षित दवा के उपयोग के प्रति जागरूक करना भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# पुवर्ती में रिकार्ड समय में पूरा हुआ जनगणना का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

जिले के कोंटा विकासखंड में स्थित ग्राम पुवर्ती में जनगणना कार्य को रिकॉर्ड समय में पूरा कर एक नई मिसाल कायम की गई। कलेक्टर अमित कुमार ने कलेक्टर कक्ष में प्रगणक जवाराम पटेल को मात्र 3 दिनों में जनगणना कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर सम्मानित किया। जनगणना के प्रथम चरण में पुवर्ती सुकमा जिले का पहला ऐसा गांव बना, जहां जनगणना कार्य सबसे पहले पूर्ण किया गया। सहायक शिक्षक जवाराम पटेल ने बताया कि जनगणना कार्य में उनका कार्यक्षेत्र ग्राम पुवर्ती था । जहां लगभग 950 से अधिक जनसंख्या और 234 मकान हैं। गांव में 2 आंगनबाड़ी केंद्र और 1 स्कूल भी संचालित है। जनगणना कार्य के दौरान उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, विशेषकर स्थानीय गोंडी बोली को पूरी तरह न समझ पाने के कारण संवाद में समस्या आई। बावजूद इसके, उन्होंने जिम्मेदारी को चुनौती नहीं बल्कि सेवा का अवसर मानकर कार्य को आगे बढ़ाया। उल्लेखनीय है कि पुवर्ती गांव पहले घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में जाना जाता था, लेकिन अब नक्सल उन्मूलन और प्रशासन की सक्रियता के बाद हालात तेजी से बदल रहे हैं। गांव में शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है और लोग अब विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य का समय पर पूरा होना इस बदलाव का स्पष्ट संकेत है कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासन और जनता के बीच विश्वास मजबूत हो रहा है।

# शिक्षा, संस्कृति, स्वास्थ्य और खेल के प्रोत्साहन से क्षेत्र का कायाकल्प हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

- 133 दृष्टि दोष से प्रभावित बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाले चश्मे प्रदान किए गए

आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया एएम/एनएस इंडिया किरंदुल ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए एक साथ कई बड़े कदम उठाए हैं जिसके सकारात्मक परिणाम अब धरातल पर नजर आने लगे हैं। कंपनी द्वारा संचालित बाल ज्योति निःशुल्क नेत्र जांच शिविर इसी दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और मानवीय पहल साबित हुई है जिसके तहत बीते दिनों शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय गीदम में एक विशेष वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी सुश्री भवानी और शिक्षा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में क्षेत्र के 12 अलग-अलग स्कूलों से चिन्हित किए गए कुल 133 दृष्टि दोष से प्रभावित बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाले चश्मे प्रदान किए गए। इन चश्मों को संबंधित स्कूलों के शिक्षकों को हैंडओवर किया गया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आर्थिक तंगी या जानकारी के अभाव में किसी भी बच्चे की शिक्षा में उसकी कमजोर दृष्टि कभी बाधा न बने और वे स्पष्ट विजन के साथ अपनी सुनहरी भविष्य की राह चुन सकें।




शिक्षा के साथ-साथ बौद्धिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में भी एएम/एनएस इंडिया ने अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई है। कंपनी के सहयोग से अरविंद कॉलेज में 'भारतीय ज्ञान परंपरा-गुरुकुल से ग्लोबल तक' विषय पर एक उच्च स्तरीय दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस संगोष्ठी ने देशभर के शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं को एक साझा मंच प्रदान किया जिसमें लगभग 160 विद्वानों ने हाइब्रिड माध्यम यानी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से जुड़कर प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति की वैश्विक प्रासंगिकता पर गहन मंथन किया। इस आयोजन के समापन समारोह में कंपनी के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया और भारतीय ज्ञान के अंतरराष्ट्रीय प्रसार में अपना समर्थन व्यक्त किया जिससे स्थानीय शैक्षणिक माहौल को एक नई वैश्विक दृष्टि प्राप्त हुई है।

इसी क्रम में ग्रामीण अंचल की खेल प्रतिभाओं को आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराने की अपनी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए एएम/एनएस इंडिया ने चोलनार ग्राम पंचायत में दो दिवसीय भव्य कबड्डी टूर्नामेंट का शानदार आगाज किया। इस आयोजन का उद्घाटन राघवुलु (महाप्रबंधक बीपी एंड एसपी) द्वारा जिला एवं जनपद पंचायत सदस्यों सरपंच कुआकोंडा सरपंच संघ के अध्यक्ष और बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों के बीच किया गया। इस आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि उद्घाटन मैच चोलनार की 'ए' और 'बी' टीम के बीच उसी प्रो-कबड्डी मैट पर खेला गया जिसे कंपनी ने पिछले माह ही स्थानीय युवाओं के अनुरोध पर उपलब्ध कराया था। अत्याधुनिक मैट पर खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था । इसी क्रम में हिरोली ग्राम पंचायत में आयोजित भव्य टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में भी एएम/एनएस इंडिया ने अपना सक्रिय समर्थन और सहयोग सुनिश्चित किया जिसमें क्षेत्र की कुल 32 टीमों ने अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन किया। इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला हिरोली और बचेली की टीमों के बीच खेला गया जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए बचेली की टीम ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया और विजेता टीम को दिया जाने वाला प्रथम पुरस्कार एएम/एनएस इंडिया किरंदुल की ओर से प्रदान किया गया जो युवाओं को खेलों से जुड़ने के लिए एक बड़ी प्रेरणा साबित हो रहा है, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि यदि ग्रामीण युवाओं को सही संसाधन मिलें तो वे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं।

एएम/एनएस इंडिया द्वारा शिक्षा में स्वास्थ्य के समावेश ज्ञान के प्रसार और खेलों के आधुनिकीकरण के लिए किए जा रहे ये एकीकृत प्रयास स्थानीय समुदाय के जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाने और युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।

### तुमरीगुंडा में जनसमस्या निवारण शिविर लगा

**दंतेवाड़ा।** सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम तुमरीगुंडा में जनसमस्या निवारण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुना गया और त्वरित निराकरण के प्रयास किए गए। कुल 238 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें विभिन्न विभागों से संबंधित मांगें और शिकायतें शामिल थीं। उपस्थित अधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष आवेदनों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। शिविर के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई, जिससे लोगों में जागरूकता और विश्वास बढ़ रहा है। शिविर के दौरान जनपद पंचायत सीईओ बलराम ध्रुव सहित सभी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।


### शपथ पत्र

मैं गॉधी ताती (पुराना नाम जिसे बदला जाना है।) सुपुत्र स्व. ताती पाण्डू निवासी कोरसागुड़ा तह. उसुर जिला बीजापुर एतद द्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करता हूँ तथा निम्नानुसार घोषणा करता हूँ:-

01. मैं मेरा कोरसागुड़ा तह. उसुर जिला बीजापुर का स्थायी निवासी हूँ।
02. मेरा नाम गॉधी ताती है और मैं अपना नाम बदलकर (नया नाम) ताती गॉधी करवाना चाहता हूँ।
03. मेरे पुराने नाम गॉधी ताती से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष नहीं है।
04. मैं नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूँ, तो उसके लिये मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूँगा।
05. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूँ तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

हस्ताक्षर

**सत्यापन**

मैं गॉधी ताती (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) सुपुत्र स्व. ताती पाण्डू निवासी कोरसागुड़ा तह. उसुर जिला बीजापुर की निवासी हूँ, सत्य निष्ठापूर्वक घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र के कंडिका 01 से 05 तक की वर्णित जानकारी सही व सत्य है। अतः आज दिनांक 06/03/2026 को स्थान बीजापुर में सत्यापित कर हस्ताक्षर किया।

हस्ताक्षर

### न्यायालय तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./ 202604151000014/ ब-121/2025-26

**// ईश्तहार//**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका निशिका नाग पिता मयाराम नाग जाति माहरा ग्राम बड़ेधाराउर तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में शासकीय कार्य हेतु आवेदिका अपनी स्वयं का जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यह कि आवेदिका अपनी स्वयं निशिका नाग पिता मयाराम नाग का जन्म दिनांक 10.10.2007 को दर्शाया गया है।

जिसकी पेशी तिथि 12/05/2026 को नियत किया गया है, यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत बड़ेधाराउर के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में जन्म प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति ग्रामवासी पंचायत को किसी भी तरह की कोई आपत्ति है, तो यह उद्घोषणा जारी नियत तिथि के भीतर इस कार्यालय को आपप्ति प्रस्तुत्त कर सकता है। समय उपरांत प्राप्त आपप्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

जारी दिनांक 27/04/2026

मुहर

तहसीलदार
लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर


# ग्रामीण क्षेत्रों में जनगणना का कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



ग्रामीण क्षेत्र में मकान जनगणना का कार्य लगातार जारी है। ग्राम घाटलोहंगा में रोमांचक पांडे अकेला ही घाटलोहंगा में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर आज दूसरे दिन में 1 से 37 नंबर मकान और 66 परिवार गणना किया है। ग्रामीणों को समझा रहे है कि सही जानकारी देना क्यों जरूरी है, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ सही पात्र लोगों तक पहुंच सके। इस दौरान ग्राम पंचायत कुदालगांव से लक्ष्मीकांत साहू एवं ग्राम पंचायत बोरपदर दिलीप कुमार ने जनगणना टीम के साथ दोनों गांवों कोटवारों के साथ घर पहुंचकर फॉर्म भरवाया और लोगों को जनगणना के महत्व के बारे में बताया। ग्रामीणों ने भी इस अभियान में सहयोग दिया। यह पहल गांव के विकास और योजनाओं के सही क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाएगी।




## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त प्राचार्य को 90 प्रतिशत पेंशन मिलेगी



**जगदलपुर।** शाउमा विद्यालय बालेंगा से 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए प्राचार्य डहरु राम ध्रुव को 90 प्रतिशत पेंशन का आदेश जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किया। पेंशनर संघ के संभागीय अध्यक्ष रामनारायण ताटी ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह मामला संभागीय सम्मेलन के दौरान संगठन के संज्ञान में लाया गया। तब संगठन की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल से भेंट कर मामले का निराकरण होने तक शासन के प्रावधान के तहत 90 प्रतिशत एंटीसेपेट्री पेंशन का आदेश जारी करने का आग्रह किया गया । तदनुसार संगठन के पहल पर जिला शिक्षा अधिकारी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आदेश जारी किया । उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी एवं लिपिक के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे संघ के लोगों ने आर एन ताटी, किशोर कुमार जाधव, शिवकुमार मिश्रा, अब्दुल सत्तार खान, एलएस नाग, बीएस नेताम, एसडी माझी, सुरेश कुमार दलाई, जयमनी ठाकुर, सविता नायर,करमजीत कौर, अनिता राज, सुंदरा सिम्हा, रेखा सेन के बेलसरिया एवं शुभ्रा कुंडू शामिल थे।

### रेफरी के लिए होगी परीक्षा

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन नये रेफरी तैयार करने शारीरिक एवं लिखित परीक्षा आयोजित करेगा। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई है। इच्छुक आवेदक ऑनलाइन आवेदन फॉर्म जमा कर सकते हैं। जिला फुटबॉल संघ बस्तर के सचिव ने प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी है।

## आत्मीय स्वागत...



**जगदलपुर।** पीजी कॉलेज हेलीपैड पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आत्मीय स्वागत किया।



**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का पीजी कालेज ग्राउंड के हेलीपैड में वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, सीजी ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर संजय पांडेय, नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन सहित कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा व अन्य अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। उनके साथ उच्च शिक्षा और राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा भी पहुंचे।



जगदलपुर। मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में मंगलवार को वित्त मंत्री ओम प्रकाश चौधरी का महापौर संजय पांडेय, ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा सहित अन्य अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया।

### हड़कम्प , घायल को किया गया भर्ती, उपचार जारी

# मेकाज में भर्ती मरीज के पति ने तीसरी मंजिल से लगाई छलांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में मंगलवार सुबह एक युवक ने तीसरी मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। युवक की पत्नी पीलिया से पीड़ित है और उसका मेकाज में उपचार जारी है।

- पीलिया से पीड़ित पत्नी का मेकाज में चल रहा उपचार

इसी बीच पति ने तीसरी मंजिल से कूदकर जान देने की कोशिस की जिसके बाद मेकाज में हड़कंप मच गया।

आननफानन में सफाई कर्मचारियों की सूचना पर मौके पर पहुंचे सुरक्षाकर्मियों ने घायल पति को उपचार के लिए भर्ती कराया जहां उसका उपचार जारी है।

जानकारी के मुताबिक मरीज के पति ने तीसरी मंजिल के फीमेल मेडिसिन वार्ड के बाथरूम की खिड़की से छलांग लगा दी जिसके बाद अफरा-तफरी मच गया।



मेकाज सूत्रों के मुताबिक मारडूम निवासी 28 वर्षीय पायके माड़वी पीलिया के इलाज के लिए फीमेल मेडिसिन वार्ड एक के बेड नम्बर 18 पर भर्ती हैं। मंगलवार सुबह उनके पति लक्ष्मण बाथरूम में गए और वहां लगे लोहे के रॉड को मोड़कर खिड़की पर चढ़ गए। और अचानक उन्होंने नीचे छलांग लगा दी। इस दौरान नीचे काम कर रहे सफाई कर्मचारी डर गए। उन्होंने तुरंत सुरक्षाकर्मियों को इसकी सूचना दी। सुरक्षाकर्मियों ने बिना देर किए घायल लक्ष्मण को उठाया और बेहतर उपचार के लिए



आपातकाल ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद में उसे वार्ड में भर्ती कर लिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही मेकाज अधीक्षक डॉ अनुरूप साहू मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल को देखने के बाद चिकित्सकों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए। उन्होंने सर्जरी विभाग के एचओडी को भी मामले से अवगत कराया और सर्जरी विभाग के एचओडी को इसकी जानकारी दी। इसके बाद अधीक्षक घटनास्थल पहुंचे जहां की खिड़की से लक्ष्मण ने छलांग लगाई थी उसका निरीक्षण किया। पहली बार हुई इस तरह की घटना के बाद मेकाज प्रबधंक की बैठक बुलाई गई और अस्पताल की सभी टूटी-फूटी खिड़कियों को जल्द से जल्द ठीक करने का निर्देश दिया गया।

मरीज के परिजनों ने बताया कि लक्ष्मण की दिमागी हालत ठीक नहीं है। इसी कारण उसने इतना बड़ा कदम उठाया है। फिलहाल, घायल लक्ष्मण का उपचार जारी है और उसकी स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है। परपा थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है और मेकाज पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक लक्ष्मण की दिमागी हालत ठीक नहीं होने का पता लगा है बहरहाल मामले की जांच की जा रही है।

# प्रलोभन से हो रहे धर्मांतरण पर नए कानून से हो कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रखंड की बैठक ग्राम पंचायत तारापुर में प्रांत सह मंत्री रवि ब्रह्मचारी के मार्गदर्शन, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, जिला संयोजक विष्णु ठाकुर, नगर सह संयोजक अजय

- गौ तस्करी पर गंभीर हुए बजरंगी
- तारापुर में विहिप और बजरंग दल की बैठक में ओडिशा और केरल से आने वाले पादरियों की घुसपैठ रोकने पर चर्चा

प्रताप सिंह, सूरज पटनायक एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में हुई। बैठक में बस्तर के गंभीर मामले धर्मांतरण पर चर्चा हुई।

फाल्गुनी पटेल का कहना है कि उड़ीसा और केरल से आए पादरियों द्वारा गांव में घुसपैठ कर आज भी प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन किया जा रहा है । वीएचपी के पदाधिकारी भुवनेश्वर ने कहा ऐसे विधर्मियों पर नए कानून के तहत ठोस कार्रवाई किया जाए। बाजारों में मवेशी बेचे जाते हैं उनका सही ढंग से बाजार समिति या ग्राम पंचायत जो रशीद काटती है वह फर्जी तरीके से पेश किया जाता है। इसमें आए दिन गौ तस्करों और बजरंगियों के बीच मुठभेड़ होता है। शासन प्रशासन से आग्रह किया जाए कि गो तस्करों पर कठोर कार्रवाई करें। नहीं तो आने वाले समय में बजरंगी अपने ढंग से इन गौ तस्करों से निपटेगी।

बैठक में लक्ष्मण पटेल, मिथुरेश पटेल, महेश भारती, मुनीशम भारती, रामप्रकाश यादव, बृजेंद्र पटेल, रितेश पटेल, डब्बू कश्यप, घनश्याम पटेल, दुर्गेश पटेल, तुलसी पटेल, वसंतराम पटेल, नर्मदेश पटेल, ओमेश पटेल, चेतराम नाग, लायमन भारती, मुनीश भारती, शैलेन्द्र कश्यप, धनुज कश्यप, सुखधर कश्यप, भुवनसिंह काशी, भुवनेश्वर सिन्हा, हिमलाल यादव, हिंगाधर मरावी, मिथ्यासागर कश्यप, कली भारती, ललितराम कश्यप, दर्शन भारती सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अटल प्रवेश द्वार और लोक माता अहिल्या बाई होलकर मार्ग का लोकार्पण




**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय परिसर में अटल प्रवेश द्वार और लोक माता अहिल्या बाई होलकर मार्ग का लोकार्पण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वन मंत्री केदार कश्यप, उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद महेश कश्यप, विधायक जगदलपुर किरण देव, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, ब्रेवरेज कॉपोर्रेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर संजय पांडेय की उपस्थिति में किया।




# नेशनल हाईवे 63 में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से हिरण की मौत, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लाक स्थित फुडरी एनएच में सोमवार शाम हुए सड़क हादसे में एक हिरण की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग ने दुर्घटना करने वाले स्कार्पियो वाहन को जब्त कर कार्रवाई कर रही है।

- भैरमगढ़ ब्लॉक स्थित फूडरी के करीब हुआ हादसा
- वन विभाग ने वाहन किया जब्त, हिरण का किया गया पीएम

जानकारी के मुताबिक शाम लगभग पांच बजे तेज रफ्तार स्कार्पियो वाहन ने हिरण को टक्कर मार दी जिससे हिरण की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा सामान्य वन परिक्षेत्र भैरमगढ़ के अंतर्गत फूडरी इलाके में हुआ। हिरण सड़क पार कर रही थी, तभी तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी



17 सीजी 5059 ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि हिरण ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई।

भैरमगढ़ वन परिक्षेत्र (सामान्य) के रेंजर जेके साहू ने बताया कि गीदम रोड से छोटे तुमनार की ओर जा रही स्कॉर्पियो की चपेट में आने से यह घटना हुई। वन विभाग ने वाहन को जब्त कर लिया है और आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

वन मंडलाधिकारी (सामान्य) बीजापुर रमेश जांगड़े ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है जिसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि देर शाम घटना होने के कारण सोमवार को पोस्टमार्टम नहीं किया जा सका जिसे मंगलवार सुबह कराया गया।

गौरतलब है कि यह क्षेत्र इंद्रावती टाइगर रिजर्व से जुड़ा हुआ है जहां वन्यजीवों की आवाजाही लगातार बनी रहती है। ऐसे में हाईवे पर तेज रफ्तार वाहन जंगली जानवरों के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। वन विभाग के अनुसार इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में स्पीड कंट्रोल, चेतावनी संकेतक और वन्यजीव कॉरिडोर विकसित करना आवश्यक है। यह घटना एक बार फिर वन्यजीव संरक्षण और सड़क सुरक्षा के बीच संतुलन बनाए रखने जरूरी कदम उठाने की दरकार है।

# सीएम का काफिला के गुजरने के आधे घंटे पहले तक फंसी रही जनता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का काफिला शाम 6.45 बजे शहीद पार्कमार्ग से गुजरते हुए एयरपोर्ट की ओर रवाना हुआ। लेकिन उससे आधा घंटा पहले पुलिस और यातायात विभाग ने शहीद पार्क तिराहा के तीनों मार्ग की आवाजाही रोक दी। जिसके चलते सैकड़ों लोग आधे घंटे तक फंसे रहे। जब सीएम का काफिला गुजरा उसके बाद आगे बढ़ सके। जबकि कुम्हारपारा से महारानी अस्पताल मार्ग पर जाने वालों को रोकना उचित नहीं था। क्योंकि सीएम का काफिला मेन रोड से एयरपोर्ट की ओर जाना था। ऐसे में जनता वीआईपी आगमन के चलते जाम में फंसी रही। लोग कहते रहे 10 मिनट पहले भी लोगों को रोका जा सकता था लेकिन आधे घंटे पहले रोककर अनावश्यक परेशान किया गया। वहीं जिस मार्ग से काफिला का कोई





संबंध नहीं था उस मार्ग में भी लोगों को जाने नहीं दिया गया। लोग इसे पुलिस अफसरों की ज्यादती बता रहे थे।

# चैंपियनशिप में बस्तर ने 8 स्वर्ण, 5 रजत और 4 कांस्य सहित 17 पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के तत्वावधान में म्यू थाई एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड द्वारा

- दल्लीराजहरा में हुआ 25 वीं राज्य स्तरीय म्यू थाई चैंपियनशिप
- चयनित खिलाड़ी 7वीं यूएमएआई राष्ट्रीय यूथ म्यू थाई चैंपियनशिप

जूनियर, सब जूनियर (बालक-बालिका) वर्ग की राष्ट्रीय यूथ म्यू थाई चैंपियनशिप का आयोजन एक से 4 जून तक राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम हल्द्वानी (उत्तराखंड) में किया जा रहा है। राज्य म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू,




महासचिव अनीस मेमन ने बताया कि इस यूथ राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप में छग यूथ म्यू थाई दल के चयन हेतू राजहरा मार्शल आर्ट्स क्लब, बीएसपी स्कूल क्र 6, दल्लीराजहरा जिला बालोद में एक से 3 मई को 25 वीं राज्य स्तरीय म्यू थाई चैंपियनशिप का आयोजन एमेच्योर म्यू थाई एसोसिएशन के तत्वावधान में 8 स्वर्ण, 5 रजत और 4 कांस्य सहित 17 पदक जीत कर बस्तर तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के पुरुस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि दल्लीराजहरा नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीतेश क्षत्रिय (राजहरा माइंस) ने की।

विशेष अतिथि के रूप में छग स्टेट एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के संयुक्त सचिव नवीन कारिया और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति कारिया उपस्थित थे। मुख्य अतिथि एवं मंचस्थ अतिथियों द्वारा 2026-27 में अंतरराष्ट्रीय म्यूथाई प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाले युवराज सिंह जगदलपुर, समिधा अग्रवाल, प्रवीण कृष्ण जायसवाल रायपुर और कु. टिकेश्वरी साहू (रायपुर खेल एवं युवा कल्याण दंतेवाड़ा कोच) का विशेष सम्मान किया गया ताकि राज्य के उभरते प्रतिभाशाली म्यूथाई खिलाड़ियों को बेहतरीन प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिले।

आवश्यकता
हरिभूमि
रिपोर्टर/सब एडिटर
छत्तीसगढ़ के अग्रणी समाचार पत्र हरिभूमि को अपने वनांचल भूमि हेतु योग्य अनुभवी रिपोर्टर की आवश्यकता है।
- प्रतिष्ठित समाचार पत्र/न्यूज चैनल में कार्य करने का अनुभव।
- न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता- स्नातक
- कम्प्यूटर एवं हिंदी का अच्छा ज्ञान आवश्यक।
संपूर्ण बायोडाटा के साथ संपर्क करें
हरिभूमि संभागीय कार्यालय
पूनम हॉटल, चांदनी चौक, जगदलपुर
मोबाइल- 9425590411, 8817958580

